HIMACHAL PRADESH JICA AGRICULTURE PROJECT

DAILY DIARY

HAMIRPUR: 22 APRIL, 2026

डीपीएमयू मंडी में फसल कटाई प्रयोग पर प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित

मंडी, 22 अप्रैल: जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (DPMU) मंडी में एचपीसीडीपी जाइका परियोजना (Phase-II) के अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग (Crop Cutting Experiment) को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चारों बीपीएमयू का एक्सटेंशन स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमएस डॉ. खूब राम ठाकुर ने की और पीएमसी एक्सपर्ट पी.एल. शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पी.एल. शर्मा ने फसल कटाई प्रयोग की संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने प्लॉट चयन, वैज्ञानिक सैम्पलिंग, मानक प्लॉट आकार, उपज आकलन की विधि तथा डेटा रिकॉर्डिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सही तरीके से किए गए क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट से फसल उत्पादन का सटीक आंकलन संभव होता है, जो कृषि योजना और फसल बीमा के लिए अत्यंत उपयोगी है।

बैठक के उपरांत टीम द्वारा उप परियोजना एलआईएस कसारला में व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें विशेष रूप से प्लॉट मार्किंग की प्रक्रिया को समझाया गया। इस दौरान खेत का निरीक्षण कर उपयुक्त स्थान का चयन किया गया तथा वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार निर्धारित आकार (10 मीटर × 2 मीटर) के प्लॉट को मापकर चिन्हित किया गया। उपस्थित स्टाफ को यह भी बताया गया कि प्लॉट का चयन निष्पक्ष एवं बिना किसी पक्षपात के अलग-अलग स्थानों से किया जाना चाहिए, जिससे प्राप्त आंकड़े सटीक और विश्वसनीय हों। इसके साथ ही सही माप लेने और प्लॉट की सीमाओं को स्पष्ट रूप से निर्धारित करने की विधि का भी प्रदर्शन किया गया।

इस प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अभ्यास से एक्सटेंशन स्टाफ को फसल कटाई प्रयोग की मूलभूत प्रक्रियाओं की बेहतर समझ प्राप्त हुई। यह पहल भविष्य में फसल उत्पादन के सटीक आंकलन, पारदर्शिता और प्रभावी कृषि प्रबंधन सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी, जिससे किसानों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।